आकाशवाणी श्री विजयपुरम

23.10.2024 समय : 1850

- मध्योत्तर अंडमान पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल को तस्करी विरोधी अभियानों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया है।
- डाक विभाग द्वारा ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सत्ताईस अक्तूबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- द्वीपसमूह के प्रमुख पर्यटन हितधारकों का एक प्रतिनिधिमंडल आई टी बी एशिया दो हजार चौबीस में भाग ले रहा है।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

फिक्की की ओर से मध्योत्तर अंडमान पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल को तस्करी विरोधी अभियानों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कानून व्यवस्था बनाए रखने, क्षेत्र की सुरक्षा करने और द्वीपों के समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने के उनके प्रयासों के लिए दिया गया। मध्योत्तर अंडमान जिले की पुलिस अधीक्षक के रूप में उन्होंने क्षेत्र में अवैध घुसपैठ और तस्करी विरोधी अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका यह समर्पण उनकी टीम को अवैध गतिविधियों के खिलाफ लड़ने में प्रेरित करता है। अंडमान निकोबार पुलिस ने उनके इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

<><><><><><><>

डाक विभाग द्वारा ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। लेखन का आनन्दः डिजिटल युग में पत्रों का महत्व विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल पत्रों को लिखने की कला, बल्कि रचनात्मक, आलोचनात्मक सोच और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति सहानुभूति को भी बढ़ावा देना है। यह प्रतियोगिता दो चरणों में सम्पन्न होगी, जिसमें अट्ठारह वर्ष तक और अट्ठारह वर्ष से अधिक आयु वर्ग की श्रेणी में हिस्सा लिया जा सकता है। केवल हस्तलिखित पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह पश्चिम बंगाल मंडल के अधीन आता है और प्रत्येक मंडल से हर श्रेणी में तीन सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को पुरस्कार के लिए चुना जाएगा। चुने गए प्रविष्टियों की दोबारा गणना की जाएगी और राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे तीन प्रविष्टियों को पुरस्कार दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में पचास हजार रूपये, दूसरे स्थान पाने वाले को पच्चीस हजार रूपये और तीसरे स्थान पर रहने पर प्रत्येक श्रेणी के विजेता को दस हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। मंडल स्तर पर पहले स्थान के लिए पच्चीस हजार, दूसरे स्थान के लिए दस हजार और तीसरे स्थान पर रहने पर पांच हजार रूपये का पुरस्कार मिलेगा। चौदह दिसम्बर तक मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, कोलकाता के पास पत्र जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी डाक विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सत्ताईस अक्तूबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पन्द्रहवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि पच्चीस अक्तूबर है। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के चैप्टर अध्यक्ष मोहम्मद जाडवेट और आटो के अध्यक्ष एम विनोद के नेतृत्व में द्वीपसमूह के प्रमुख पर्यटन हितधारकों का एक प्रतिनिधिमंडल आई टी बी एशिया दो हजार चौबीस में भाग ले रहा है। यह कार्यकम आज से पच्चीस अक्तूबर तक मरीना बे सैन्ड्स स्थित सैन्ड एक्सपो और कन्वेन्शन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष का आई टी बी एशिया वैश्विक स्तर पर पर्यटकों को द्वीपसमूह के अनूठे आकर्षक स्थलों के बारे में जानकारी देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। आटो के अध्यक्ष ने कहा कि द्वीपसमूह की सुदंरता और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने का यह एक सुनहरा मौका है, ताकि द्वीपसमूह में पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

<><><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने कल पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने नशीली दवाओं के इस्तेमाल के बढ़ते मामलों और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में पुलिस विभाग की सराहना की। उन्होंने बंदरगाहों और हवाई अड्डों में कड़ी निगरानी रखने तथा दूर–दराज के क्षेत्रों में गश्ती अभियान चलाने का अनुरोध किया। पुलिस महानिदेशक ने इस मामले में उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र की ओर से कल नवनिर्मित इनोवेशन हब का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी सचिव ए एस पी एस रविप्रकाश कल दिन में ग्यारह बजे विज्ञान केन्द्र परिसर में हब का उद्घाटन करेंगे।

<><><><><><><>

कामराज अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कल विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उप–निदेशक शिक्षा राम प्रवेश प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में ड्रग्स इंस्पेक्टर के अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रशासन और विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। योग्य उम्मीदवारों का सीधा साक्षात्कार पच्चीस अक्तूबर को सुबह नौ बजे से विभाग के सम्मेलन कक्ष में लिया जाएगा। उम्मीदवारों को दस्तावेजों की जांच के लिए उप–निदेशक, स्वास्थ्य के कार्यालय में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

उधर, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद में एक वर्ष के प्रशिक्षण के लिए अप्रेंटिसशिप योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया गया है। चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच का कार्य छः और सात नवम्बर को सुबह दस बजे से किया जाएगा। उम्मीदवारों को विभाग के कार्यकारी अभियंता, विद्युत के कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

मार्क्सवादी कम्यूनिष्ट पार्टी के राज्य इकाई के आयोजन समिति की ओर से हाल ही में पांचवें शहरी क्षेत्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पन्द्रह सदस्यीय क्षेत्र समिति का चुनाव कराया गया। इसमें पी. सत्यपाल को श्री विजयपुरम शहरी क्षेत्र समिति का सचिव चुना गया।

<><><><><><>

ज्वाइंट एक्शन तेलुगू कम्यूनिटी ने श्री विजयपुरम और विशाखापत्तनम के बीच चलने वाले विमान के उच्च हवाई किराए के मुद्दे पर नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने अपने पत्र में उड्डयन मंत्री से विमान किराए को नियंत्रित करने का अनुरोध किया है, ताकि लोगों विशेषकर तेलुगू समुदाय के लोगों को चिकित्सा, शिक्षा और अन्य कारणों से अपने मूल स्थान पर जाने के लिए आर्थिक रूप से दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। श्री विजयपुरम में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चौरासी दशमलव पांच मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में अट्ठाईस दशमलव आठ, लांग आइलैंड में चौबीस दशमलव आठ, मायाबंदर में पन्द्रह दशमलव तीन, हटबे में पन्द्रह दशमलव दो, कार निकोबार में बारह और ननकौड़ी में तीन दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><>

सीआरसी कार निकोबार और ज़िला शिक्षा कार्यालय की ओर से क्षेत्र के आदिवासी छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगता से संबंधित पुनर्वास पाठ्यक्रम, छात्रों के लिए सहायता प्रणाली और अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रियायत के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी नथानियल और सीडीपीओ सुनीता ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में ज़िले के विभिन्न स्कूलों से एक सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

गुवाहाटी, असम में पांचवें राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। अंडमान निकोबार योगासन खेल एसोसिएशन साई योगा एजुकेशन और चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से सत्ताईस अक्तूबर को आर जी टी पब्लिक स्कूल में योगासन प्रतियोगिता आयोजित करेगा। विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी सुबह सात बजे से विभिन्न आसनों का निदर्शन करेंगे। इस चैम्पियनशिप में चुने गए सर्वश्रेष्ठ पांच विजेता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

<><><><><><>